प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद का बजट सत्र शुरु, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण, कल पेश होगा आम बजट।
2. राष्ट्रपति ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया संबोधित, सरकार की उपलब्धियों का किया जिक्र, कहा– नवाचार को दिया जा रहा है बढ़ावा।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र शुरु होने से पहले कहा– यह बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में एक नया विश्वास पैदा करेगा।
4. राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत झारखंड के आठ सौ छात्र–छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर कोलकाता रवाना, सामाजिक और भावनात्मक विकास को मिलेगा बढ़ावा।
5. हॉकी इंडिया लीग के सेमीफाइनल में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से और सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला हैदराबाद तूफांस से होगा।

******************

18वीं लोकसभा का बजट सत्र आज से शुरु हो गया है। दोनों सदनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया और देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। वे कल देश का आम बजट पेश करेंगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जनता ने उन्हें तीसरी बार देश की जिम्मेदारी सौंपी है और आगामी बजट इस कार्यकाल का पहला बजट होगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब देश विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

******************

संसद में कल पेश होने वाले बजट से झारखंड के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। लोगों को अपेक्षा है कि इस बजट से महंगाई से राहत देने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने और विकास की आधारभूत संरचनाओं में विस्तार के लिए पहल की जायेगी। राजधानी रांची के लोगों को उम्मीद है कि बजट में उनके हितों का ख्याल रखा जाएगा।

साहिबगंज निवासी और पूर्व ईस्टर्न चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य कौशल किशोर ओझा ने कहा कि सरकार को इनकम टैक्स स्लैब में छूट के साथ जीएसटी का सरलीकरण भी करना चाहिए।

इधर, देवघर में भी लोग केन्द्रीय बजट को लेकर उत्साहित हैं। ईसीएल चित्रा माइंस में काम करने वाले योगेश्वर राय का कहना है कि बजट में आयकर में राहत मिलनी चाहिए।

******************

दुमका के आदित्य राज कहते हैं कि सरकार को युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं के द्वार खोलना चाहिए।

बोकारो के लोगों को भी बजट से खासा उम्मीदें हैं। एस के वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को राहत देने का भी प्रावधान बजट में किया जाना चाहिए।

******************

रांची स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट–आईआईएम आज स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन करेगा। आईआईएम इस कॉन्क्लेव का आयोजन सहयोगी संस्था सिबडी के सहयोग से कर रहा है। इसमें 50 स्टार्टअप के एक सौ से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे।

******************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी महाकुंभ स्नान करने प्रयागराज के लिए रवाना हो गये हैं। प्रयागराज रवाना होने से पहले मुख्य सचिव ने गढ़वा जिला स्थित श्री वंशीधर मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री वंशीधरनगर में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इसके लिए पहल की जायेगी।

******************

झारखंड के पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह और डीजी आरके मल्लिक आज सेवानिवृत्त हो गये। रांची के डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में अजय कुमार सिंह की सेवानिवृति को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं डीजी आरके मल्लिक का विदाई समरोह गुरुवार को आयोजित किया गया था।

******************

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत झारखंड के आठ सौ छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर कोलकाता भेजा गया है। समग्र शिक्षा के तहत रांची, हजारीबाग, चतरा, पलामू, गढ़वा, लातेहार, सिमडेगा और गुमला के बच्चे और 24 शिक्षक हटिया स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के परियोजना निदेशक शशि रंजन ने विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दो दिनों के इस भ्रमण के दौरान बच्चे विभिन्न शैक्षणिक स्थलों से रुबरु होंगे और अपना सामाजिक और भावनात्मक विकास करेंगे।

******************

हजारीबाग में पिछले दो दिनों से जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। सदर प्रखंड के रोला और चानो गांव के जंगल में हाथियों ने शरण ले रखी है और रात के समय वे खेत में आकर फसल बर्बाद कर रहे हैं। हाथियों ने चानो गांव में 45 वर्षीय ग्रामीण छोटू महतो की जान ले ली। उधर रोला गांव में बीती रात किसान संजय कुमार के करीब 15 एकड़ खेतों में लगी टमाटर और मटर की फसल को नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने पानी पटवन के लिए लगा सोलर पैनल और बोरिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। किसान का दावा है कि हाथियों के कारण उन्हें आठ से नौ लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है।

******************

हॉकी इंडिया लीग के सेमीफाइनल में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। यह मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में शाम 6 बजे शुरू होगा जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला इसी मैदान पर रात सवा आठ बजे हैदराबाद तूफान्स से होगा।

*****************